निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तों को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय।

आगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदण्ड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ ही, परिनियम में अंकित शर्त्तों/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह०/-

(अरशद फिरोज)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/ए3–05/2020 -1030. पटना, दिनांक 07.06.21.

प्रतिलिपिः–निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

पत्रांक 15 / ए3–05 / 2020
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि0प्र0से0
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनाक– 2021

विषयः– धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर का संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक--GC/708/48/Affili/2021 दिनांक–12.01.2021 द्वारा धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर के स्नातक कला के पूर्व से संबंधन प्राप्त 17 विषयों का शैक्षणिक सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए दीर्घीकरण तथा कला संकाय के अन्य तीन विषयों यथा–गृह विज्ञान, मनोविज्ञान एवं प्राचीन इतिहास तथा विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषयों में शैक्षणिक सत्र 2021–24 के लिए अस्थायी नवसंबंधन की अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है। समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक–1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक–3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर को पूर्व से संबंधन प्राप्त स्नातक कला में शैक्षणिक सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए दीर्घीकरण तथा कला संकाय के अन्य तीन विषयों, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में शैक्षणिक सत्र 2021–24 के लिए पास/प्रतिष्ठा स्तरीय अस्थायी नवसंबंधन की **स्वीकृति** निम्न रूपेण प्रदान की जाती है :–

क्र0	संकाय	विषय	संबंधन की अवधि
1	कला (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राकृत, उर्दू, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण, भोजपुरी, पाली, बौद्ध दर्शन एवं संगीत (कुल 15 विषयों में)	शैक्षणिक सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए दीर्घीकरण।
2	कला (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	गृह विज्ञान, मनोविज्ञान एवं प्राचीन इतिहास (कुल 3 विषयों में)	शैक्षणिक सत्र 2021–24 के लिए अस्थायी नवसंबंधन।
3	विज्ञान (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	भौतिकीशास्त्र, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं गणित (कुल 05 विषयों में)	
4	वाणिज्य (प्रतिष्ठा स्तर)	वाणिज्य	

पत्रांक 15/ए3–05/2020 (अंश)

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि०प्र०से०

सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक– 2021

विषयः– धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर का संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–GC/708/48/Affili/2021 दिनांक–12.01.2021 के आलोक में विभागीय पत्रांक–1030 दिनांक 07.06.2021 द्वारा धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर को स्नातक कला संकाय के 15 विषयों का शैक्षणिक सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए दीर्घीकरण तथा कला संकाय के अन्य तीन विषयों तथा विज्ञान संकाय के 05 विषयों एवं वाणिज्य संकाय में शैक्षणिक सत्र 2021–24 के लिए अस्थायी नवसंबंधन प्रदान किया गया है।

उक्त के क्रम में आपके पत्रांक–C/1220/Estab/2021 दिनांक 30.06.2021 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आलोक में समीक्षोपरांत निहित प्रावधानो के अधीन धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर को उक्त के अतिरिक्त स्नातक कला के निम्न 02 विषयों में शैक्षणिक सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए दीर्घीकरण की **स्वीकृति** प्रदान की जाती है :–

क्र०	संकाय	विषय	संबंधन की अवधि
1	कला (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	अर्थशास्त्र एवं लोक प्रशासन (कुल 02 विषयों में)	शैक्षणिक सत्र 2021–24 एवं 2022–25 के लिए दीर्घीकरण।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह०/–

(अरशद फिरोज)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/ए3–05/2020 (अंश) –1951. पटना, दिनांक 13.09.21

प्रतिलिपिः–निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री महाविद्यालय, कुल्हड़िया, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/9/21

सरकार के उप सचिव